एम.एच.डी.-2

हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.ए. हिन्दी)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2022

एम.एच.डी.-2 : आधुनिक हिन्दी काव्य

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : ***प्रथम*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *है । शेष प्रश्नों में से किन्हीं* ***चार*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : *3×12=36*

(क) यह नियम है, उद्यान में पककर गिरे पत्ते जहाँ,
प्रकटित हुए पीछे उन्हीं के लहलहे पल्लव वहाँ ।
पर हाय ! इस उद्यान का कुछ दूसरा ही हाल है,
पतझड़ कहें या सूखना, कायापलट या काल है ?

(ख) मैं बल खाता जाता था
मोहित बेसुध बलिहारी
अन्तर के तार खिंचे थे
तीखी थी तान हमारी

झंझा झकोर गर्जन था
बिजली थी नीरदमाला,
पाकर इस शून्य हृदय को
सबने आ डेरा डाला ।

(ग) दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद,
धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद,
चमक उठीं घर भर की आँखें कई दिनों के बाद,
कौए ने खुजलाई पाँखें कई दिनों के बाद ।

(घ) नुकीली नाक और
भव्य ललाट है,
दृढ़ हनु;
कोई अनजानी अन-पहचानी आकृति ।
कौन वह दिखाई जो देता, पर
नहीं जाना जाता !
कौन मनु ?

(ङ) निकल गली से तब हत्यारा
आया उसने नाम पुकारा
हाथ तौल कर चाकू मारा
छूटा लोहू का फव्वारा
कहा नहीं था उसने आखिर उसकी हत्या होगी ।

2. हिन्दी नवजागरण के विकास में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के योगदान की चर्चा कीजिए । *16*

3. मैथिलीशरण गुप्त की काव्य चेतना के विकास को रेखांकित कीजिए । *16*

4. छायावादी कवि के रूप में निराला का मूल्यांकन कीजिए । *16*

5. 'वेदना महादेवी वर्मा के काव्य का बीजतत्त्व है' – इस कथन की व्याख्या कीजिए । *16*

6. नागार्जुन की काव्य संवेदना का विश्लेषण कीजिए । *16*

7. मुक्तिबोध की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । *16*

8. शमशेर के काव्य के मूल स्वर की विवेचना कीजिए । *16*

9. रघुवीर सहाय की स्त्री दृष्टि को स्पष्ट कीजिए । *16*